गायों को ओषधियुक्त गुड़ खिलाया

धौलपुर । क्षेत्र में लंबी वायरस की बीमारी को देखते हुए बजरंग दल और श्री राम गौ सेवा धाम समिति की टीम अनवरत रूप से जुटी हुई हैं । टीम के सदस्यों ने 5वें दिन गंगा बाई की बगीची में इममुनिटी बूस्टर और गुड से लड्डू निर्मित कर शहर में गौवंशों को खिलाये

बजरंग दल के जिला सह सयोंजक राम शर्मा ने बताया कि हमारी टीम रात और दिन में अलग अलग टीम बना कर पशु चिकित्सक की सहायता से निरन्तर उपचार कर रहें हैं । आज टीम द्वारा प्रमोद शर्मा और डॉ नीरज त्यागी के सहयोग से 5वें दिन गौवंशों 21 से अधिक औषिधियों से निर्मित यूमिनिटी बूस्टर और गुड से निर्मित लगभग 1100 लड्डू तैयार कर धौलपुर शहर और आस पास ग्रामीण क्षेत्र में खिलाये जा रहें हैं अभी तक टीम द्वारा लगभग 1400 गौवंशों को आयुर्वेदिक औषधि से निर्मित लड्डू खिला चुके हैं आज लड्डू खिलाने में महंत हनुमान दास प्रमोद शर्मा डॉक्टर नीरज त्यागी विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रमुख चंद्र प्रताप बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख शुभम श्रीवास्तव नगर संयोजक नरेश कुमार संतोष कलिता खलीफा विजेंद्र नवल अभिषेक जगा अभिषेक लोहिया शिवम रोहन कुशवाह समेत आदि कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

पी.एन.बी. की योजनाओं की जानकारी दी

भरतपुर (निस)। वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही के कार्य की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक श्रीनिधी बीटी सीईओ जिला परिशद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला कलैक्ट्रेट सभागार बैठक के प्रारंभ में पीएनबी उप मंडल प्रमुख विजय कुमार अग्रवाल और भरतपुर जिले के मुख्य अग्रणी जिला प्रबन्धक भूपेन्द्र जैन ने श्रीनिधी बीटी सीईओ जिला परिशद, भरतपुर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रसासन) सुरेष यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं सभी सदस्यों का परिचय करवाते हुए स्वागत किया। पंजाब नेशनल बैंक के उपमंडल प्रमुख विजय कुमार अग्रवाल ने भरतपुर जिले में किए जा रहे विभिन्न कार्यो के बारे में सभी को जानकारी दी। बैंठक में भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर के अग्रणी जिला अधिकारी गौरव कुमार गुप्ता, नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक राजेष मीणा, कार्यवाहक आरसेटी निदेशक भूपेन्द्र जैन सहित जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयक और सरकारी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। पीएनबी के उपमण्डल प्रमुख विजय कुमार अग्रवाल द्वारा संबंधित सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि विभाग और बैंक आपस में समन्वय बनाकर सरकार द्वारा प्रायोजित लम्बित पत्रावलियों का त्वरित निपटान करें एवं भविष्य में त्वरित/बैंक द्वारा निर्धारित समयावधि में निपटान करना सुनिश्चित करें। श्रीनिधी बीटी सीईओ ने बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण देने एवं सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत ऋण आवेदन पत्रों को उच्च प्राथमिकता देकर निपटाने के निर्देष दिये, साथ ही यह निर्देष दिया कि ऋण पत्रावलियों का निरस्तीकरण प्रतिषत कम करें। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे- एमएलयूपीवाई, पीएमईजीपी, इन्दिरा गांधी षहरी क्रेडिट कार्ड योजना, पीएमएफएमई, आईएमएसयूपीवाई, पीएम स्वनिधि इत्यादि के बजट पूरे करने एवं प्रत्येक कृशक को प्रधानमंत्री किसान योजना के अन्तर्गत किसान कार्ड जारी करने के लिए भी निर्देषित किया। उन्होंने ऋण पत्रावलियों कोनिर्धारित समयावधि में निपटान करने के भी निर्देष दिए। बैठक में श्रीनिधी बीटी (आईएएस) सीईओ ने बिन्दुवार कार्यसूची पर चर्चा की तथा बताया कि जिले में बैंकों ने राश्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों जिसमें ऋण जमा अनुपात, प्राथमिकता क्षेत्र, कृशि, लघु एवं मध्यम उद्योग कमजोर वर्ग तथा महिलाओं को अग्रिम आदि के क्षेत्र में षेश समयावधि में बैंको द्वारा और अधिक प्रयास करने की आवष्यकता है। नगर निगम के प्रतिनिधि दीपक कुमार षर्मा ने पीएम स्व-निधि योजना के तहत सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराने तथा एनयूएलएम की स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत आवेदनों को संवेदनषील होकर निपटान करने का आवाह्न किया। पीएनबी आरसेटी के निदेषक (कार्यवाहक) भूपेन्द्र जैन ने प्रषिक्षण केन्द्र का व्यौरा प्रस्तुत किया।

सदस्यता के विस्तार पर चर्चा

भरतपुर (निस)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन शहर ईकाई की बैठक जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया के मुख्य आतिथ्य में होटल ओम कॉम्पलैक्स में आयोजित की गई।

शहर अध्यक्ष सुनील मित्तल ने बताया कि बैठक में संस्था के प्रचार प्रसार तथा सदस्यता के विस्तार पर चर्चा की गई तथा संस्था द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई तथा सदस्यों का आपसी परिचय कराया गया। जिला महामंत्री शुमनेश गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंति के अवसर पर 26 सितंबर को बिजली घर चौराहे पर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। 30 को आदर्श स्कूल में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नवरात्रा में नवमीं पर 4 अक्टूबर को राज राजेश्वरी मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। महासम्मेलन की महिला ईकाई द्वारा 11 अक्टूबर को डांडिया रास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

धारा 144 को समाप्त करने की मांग

करौली (नि.स.)। करौली जिले के भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से करौली जिले में धारा 144 को समाप्त करने के संबंध में शुक्रवार को सायं 4बजे मिला

प्रतिनधिमण्डल ने जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह को ज्ञापन पेश कर बताया की पिछले लगभग 1 माह से करौली जिले में धारा 144 लगी हुई है। 26 सितंबर से लेकर दीपावली के बाद देव उठनी ग्यारस तक लगातार हिंदू समाज के धार्मिक त्योहारों पर आयोजन का समय रहेगा।

नव दुर्गा स्थापना पर कई स्थानों पर दुर्गा स्थापना,रामायण पाठ एवं रामलीला का आयोजन रहता है। धारा 144 लगी होने के कारण जिले के आमजन को धार्मिक आयोजन करने में परेशानी होगी इसके अलावा अकारण ही जिले में धारा 144 लगी होने से अन्य समाज के लोगों में इस बात को लेकर प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है कि प्रशासन द्वारा राजनीतिक दबाव में बिना किसी कारण के जिले में धारा 144 लगा दी है जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज के त्योहारों को धूमधाम से मनाने से रोकना है।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जिले के आमजन की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए करौली जिले से धारा 144 को समाप्त कि जाये ताकि आमजन बिना भय के अपने त्योहारों का आयोजन कर सकें।प्रतिनिधिमंडल में हिंदू संगठन से केसर सिंह नरूका,भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश किसान मोर्चा के मंत्री अशोक सिंह धाबाई,पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा,जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री, करौली शहर मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा उपस्थित रहे।

भाजपा का बूथ सम्मेलन आयोजित

हिण्डौन सिटी । भारतीय जनता पार्टी हिण्डौन शहर मंडल में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अल्लाह नूर की अध्यक्षता में बूथ सम्मेलन एवं सेवा पखवाड़े बजाजो की धर्मशाला में आयोजित किया गया ।

इस दौरान पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमारी जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमेंद्र वशिष्ठ मुख्य वक्ता रहे । कार्यक्रम मे पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में सबका साथ सबका विकास के लिए कार्य किया है । जिसमें कोरोनाकाल के अंतर्गत टीकाकरण का कार्य, गरीबों को मुफ्त अनाज, फ्री गैस कनेक्शन और मोदी सरकार के 8 साल के कार्यकाल के कार्य को बताया । इस कार्यक्रम में ललित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष, शहर मंडल अध्यक्ष अनिल गोयल, सोनू सहारिया, इस कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

मुख्य सचिव उषा शर्मा को सौपा ज्ञापन

सवाई माधोपुर । अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने महासभा पदाधिकारीयो के साथ शुक्रवार को शासन सचिवायल पहुँचकर मुख्य सचिव उषा शर्मा व विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा को आरएएस के अधिकारी लक्ष्मीकांत बालोत की बर्खास्तगी को लेकर ज्ञापन सौपा।

प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि 14 सितंबर को लक्ष्मीकांत बालोत ने फेसबुक पर ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम की धर्मपत्नी देवी अहिल्या माता के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके विरोध में राजस्थान के संपूर्ण जिलों में जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री के नाम ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया था।

इस संदर्भ में मुख्य सचिव एवं विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष को ज्ञापन सौपकर अधिकारी की बर्खास्तगी की मांग की। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

स्कूल पर छात्रों ने जड़ा ताला

सपोटरा । उपखंड की चौड़ा गांव ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार पर शुक्रवार को विद्यालय के छात्रों ने खुलने से पूर्व ही स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड दिया। इस दौरान छात्रों ने ताला लगा कर जमकर प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य भरत लाल मीणा द्वारा गुरुवार को व्याख्याता ऋषिकेश मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कारण बताओ नोटिस को लेकर व्याख्याता ऋषिकेश मीणा व प्रधानाचार्य भरत लाल मीणा के बीच कहासुनी भी हुई। इसे लेकर के विद्यालय के छात्रों ने व्याख्याता ऋषिकेश मीणा के पक्ष में विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया और जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने मुख्य सड़क मार्ग पर एक पेड़ डाल कर जाम लगा दिया। जाम के कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर सपोटरा थानाधिकारी राम खिलाड़ी मीणा चौड़ा गांव के राजकीय उच्च माध्य विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ विद्यार्थियों से वार्ता की। थानाधिकारी ने ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय का द्वार खुलवाया।

कथा सुनाई

बयाना । बयाना कस्बे के रानी बाग अनगढ़ हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समारोह में श्रद्धालुओं ने कथा व प्रवचनों का श्रद्धा भाव से श्रवण किया। कथा संयोजक सूरज शास्त्री ने बताया कथा में तीसरे दिन वामनअवतार की कथा का संगीतमय वर्णन किया। उन्होंने बताया यह आयोजन सभी भक्तों के सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है।

'कमलोत्सव सभी बूथ स्तर पर होगा'

करौली (नि.स.) भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने बताया कि 24 एवं 25 सितम्बर को बूथ कमलोउत्सव कार्यक्रम प्रत्येक मंडल के बूथ स्तर तक किया जाएगा। एवं आगामी 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हैं।

उन्होने बताया की यह कार्यक्रम बूथ का कार्यक्रम है और विचारधारा के आधार पर पार्टी को सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी बनाने का संकल्प हम सभी कार्यकर्ताओं का हैं। सभी मंडल स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को 25 सितम्बर को प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व पर चर्चा तथा एक रचनात्मक कार्यक्रम अवश्य आयोजित करना हैं।

'डेयरी विकास की कार्ययोजना बनाए'

- कलेक्टर ने सरस डेयरी प्लांट का शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने भरतपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति द्वारा संचालित मडरपुर स्थित सरस डेयरी प्लांट का शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण कर यहाँ संचालित गतिविधियों की समीक्षा के लिये अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवष्यक दिशा-निर्देष दिये।

बैठक में जिला कलक्टर रंजन ने भरतपुर डेयरी के प्रबंधक विजयराम मीणा को निर्देश दिये कि वे भरतपुर स्थित सरस डेयरी में विकास की सम्भावनाओं के मद्देनजर कार्ययोजना तैयार करें जिससे इस डेयरी प्लांट को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित कर लाभ की स्थिति में लाने के साथ ही जिले के अधिकतम पषुपालकों को दुग्ध समितियों के माध्यम से लाभान्वित कराया जा सके। उन्होंने निर्देष दिये कि वर्तमान में डेयरी में आ रहे दूध के लक्ष्य को 1 लाख लीटर प्रतिदिन पहुंचाने के प्रयास करें।

उन्होंने डेयरी प्रबंधन एवं राजीविका द्वारा जिले में अतिरिक्त महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन कर दुग्ध उत्पादन समिति के माध्यम से डेयरी से जोड़कर लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने डेयरी प्रबंधक को निर्देष दिये कि दुग्ध समितियों के माध्यम से आने वाले दूध का भुगतान समय पर करें जिससे पषुपालकों में डेयरी के प्रति विष्वास कायम रह सके और अन्य पषुपालक भी दुग्ध समिति से जुड़कर लाभ उठा सकें।

डेयरी प्रबंधक विजय राम मीणा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की दुग्ध उत्पादक समितियों से पषुपालकों को जोड़ने के लिए समितियों का निरंतर निरीक्षण करने के साथ ही पषुपालकों की समझाईष भी करते रहते हैं। इसके पष्चात जिला कलक्टर ने डेयरी प्लांट की प्रक्रिया का निरीक्षण कर प्लांट में उचित साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देष दिये तथा प्लांट में आने वाले दूध के सैम्पल लेकर निरन्तर जांच के भी निर्देष दिये। इस दौरान राजीविका के जिला परियोजना अधिकारी के एल जाटव, अनुसंधानकर्ता अजय मेनारिया सहित डेयरी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सारस्वत सदस्य नियुक्त

करौली । शहर के हिंडौन गेट निवासी एवं हो कि राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सारस्वत में एक पखवाड़े में एक और ऊंची छलांग लगा दी। अरुण सारस्वत अब हॉकी इंडिया बोर्ड में एग्जीक्यूटिव मेंबर के पद पर चुने गए हैं शुक्रवार को हॉकी इंडिया के हुए निर्वाचन में वह एग्जीक्यूटिव मेंबर के पद पर चुने गए थे रिटर्निंग अधिकारी अजय नायक ने बताया कि पूरे देश से 5 सदस्यों को चुना गया है जिनमें हॉकी इंडिया में हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सारस्वत का भी नाम है इधर अरुण सारस्वत के हॉकी इंडिया में एग्जीक्यूटिव मेंबर चुने जाने पर खेल प्रेमियों सहित उनके समर्थकों में खुशी की लहर छा गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया इस दौरान करौली के पूर्व जिला प्रमुख शिवदयाल मीणा नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा जिला कबड्डी संघ के सचिव जब्बार खान जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष भरोसी स्वर्णकार जिला बॉक्सिंग संघ के दारा सिंह मीणा मनोज चतुर्वेदी आशीष कांत कौशिक गुर्जर सहित जिले के कई प्रमुख लोगों और खेल प्रेमियों ने पुणे बधाईयां दी।

निशुल्क भोजन कराया

भरतपुर (निस)। समृद्ध भारत के संयोजक एवं लूपिन के पूर्व अधिषाशी निदेषक सीताराम गुप्ता ने आरबीएम. इंदिरा रसोई के माध्यम से 151 जरुरतमंदों लोगों को निशुल्क भोजन कराया। इस नेक कार्य में उनकी पत्नी त्रिवेणी गुप्ता एवं अन्य परिवारजनों ने अपने हाथों से भोजन परोसने के लिए सीताराम गुप्ता का हाथ बंटाया। इस नेक कार्य के लिए सीतारम गुप्ता दंपति का इंदिरा रसोई में पधारने पर रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा ने स्वागत अभिनन्दन किया ।

नोटिस बनाम हरखास आम

न्यायालय जिला न्यायाधीश, करौली

सरूपी वगैरहा बनाम हरखास आम प्रार्थना पत्र बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम मुकदमा नम्बर 9/2022 सी एम हर खास आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण सरूपी, प्रमेश एवं पत्तो निवासी कालाखाना तहसील हिण्डौन जिला करौली ने इस न्यायालय में आवेदन इस आशय का पेश किया है कि इनके पति/पिता हरि बाबा उर्फ हरि गिरी गुसाई की मृत्यु दिनांक 13.12.2019 को हो चुकी है जिसने बडोदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा कैलादेवी से बचत खाता खुलवा रखा था तथा जम्बो क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट कापरेटिव सोसाइटी लि. शाखा करौली में निकासी खाता खुलवा रखा था जिन खातो में क्रमश 1,12,980 रूपया व 3,00,000 रूपया राशि जमा है जिस राशि को प्रार्थीगण हरिबाबा उर्फ हरिगिरी गुसाई के एक मात्र उत्तराधिकारी होने से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी है। जिस आवेदन पर किसी शख्स को ऐतराज हो तो वह दिनांक 28.10.2022 को स्वंय या अभिभाषक द्वारा न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर जबाबदेही कर सकता है।

आज दिनांक 21.09.2022 को जारी किया गया।

मुहर

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिमजिला
एवं सैशन न्यायालय करौली

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूरसंचार विभाग

निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, कोटा मंडल**, निम्नलिखित कार्यों **Tender No. KOTA/S&T/Tele/2020/08 R1** के लिए निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय 17.10.2022 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.**: कोटा/एसएण्डटी/टेली/2020/08 R1. **कार्य का नामः- (i) हिंडौन, गंगापुर, चौमेला, इंदरगढ एंड केलादेवीः डेवलपमेंट, अपग्रेडेशन ऑफ पैसेंजर फैसिलिटीज फॉर स्टेशन्स कैटरिंग टू इम्पोर्टेन्ट रिलीजियस डेस्टीनेशंस इनक्लीसड फैसिलिटीस ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स, (ii) सवाई माधोपुरः डेवलपमेंट ऑफ पैसेंजर फैसिलिटीज फॉर स्टेशन्स कैटरिंग रिलीजियस डेस्टीनेशंस। कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 2,19,02,425.70. **टेण्डर फॉर्म की कीमतः** शून्य। **बयाना राशिः** ₹ 2,59,600/-. **कार्य समाप्ति अवधिः** 12 माह। **टेण्डर जमा करने की आखिरी तारीख एवं समयः** दिनांक 17.10.2022 को 15.00 बजे तक। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिए। पंजीकृत निविदा एण्ड **GSTIN** रजिस्टर होना चाहिये।

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बयाना जिला भरतपुर (राज.)

क्रमांक/भूरू/आपत्ति/2022/2197 दिनांकः 23.9.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बयाना में भूमि नियमन के तहत एवं 69 (क) पट्टा तथा निर्माण स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निम्न आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया है जो निम्न प्रकार है। यदि किसी व्यक्ति को निम्न प्रकरणों में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। आपत्ति अवधि होने के पश्चात् किसी भी आपत्ति या ऐतराज पर विचार नही किया जावेगा और कृषि नियमन एवं स्टेट ग्रांट पट्टा तथा निर्माण स्वीकृति जारी कर दिये जायेगे।

कृषि भूमि नियमन पत्रावली

क्र. सं.	नाम आवेदक	पिता/पति का नाम	भूमि जहॉ स्थिर है (नाम कॉलोनी)	नवीन खसरा नम्बर	पट्टा नाम कराने का प्रमुख दस्तावेज	क्षेत्रफल (वर्गगज)	प्रयोजन
1	श्याम सिंह	लालपत सिंह	भगवतीकॉलोनीबयाना	746,747,748	इकरारनामा	137.50	आवासीय
2	कमलसिंह, मानसिंह	बदनसिंह, रामजीलाल	दमदमा रोड बयाना	594	जमाबन्दी	164.88	आवासीय
3	तेजसिंह, कमलसिंह	बदनसिंह	दमदमा रोड बयाना	594	जमाबन्दी	368	आवासीय
4	राधारानी	विनोद बंसल	दमदमा रोड बयाना	2873	विक्रय पत्र	93.33	आवासीय
5	मेघराम, परवो देवी	सुगनसिंह, मेघराम	सूपामार्केट के सामने	2125, 2126	विक्रय पत्र	50	वाणिज्यिक

69 (क) पट्टा

क्र. सं.	नाम आवेदक	पिता/पति का नाम	भूमि जहॉ स्थित है (नाम कालोनी)	क्षेत्रफल (वर्गगज)	प्रयोजन
1	लखनलाल	रामस्वरूप	भीतरवाडी बयाना	212.82	आवासीय
2	असलम	दीन मोहम्मद	कसाई पाडा बयाना	31.73	आवासीय
3	जगमोहन गुप्ता, वेदवती	बैजनाथ, जगमोहन	तेली पाडा बयाना	87.40	आवासीय
4	भीमसिंह, लक्ष्मी	मानसिंह, भीमसिंह	एसबीआई बैंक के सामने	26.66	मिश्रित
5	कुसुम कुमारी	मनोज कुमार	पुरानी सब्जी मण्डी चौराहा	25	मिश्रित
6	बाबू	मजीद	लाल दरवाजा बयाना	70.58	मिश्रित

निर्माण स्वीकृति पत्रावली

क्र. सं.	नाम आवेदक	पिता/पति का नाम	भूमि जहॉ स्थित है (नाम कॉलोनी)	निर्माण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत दस्तावेज	दुकान/ मकान हेतु	क्षेत्रफल (वर्गगज)
1	धनेश चंद शर्मा	विशम्बर दयाल	गॉधी चौक बयाना	पट्टा विलेख आदेश	मकान	133.77

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बयाना

कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

क्रमांकः-न.प.हि./9030 दिनांकः 23.09.2022

लोक सूचना

क्र.सं.	नाम	पता
1.	भगवान सिंह पुत्र श्री गंगाविशन मीणा	सिकरौदा मीना तह. हिण्डौन सिटी

ने कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

क्र.सं.	जिला एवं तहसील	ग्राम/कस्बा का नाम	खसरा नम्बर	क्षेत्रफल (है./ऐयर)
1.	करौली/हिण्डौन	सिकरोदा मीना	702	0.63

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-2 किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-2 किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गई।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन